भारत का नया स्तनपायी: व्हाइट चीक्ड मकाक

हाल ही में '[जूलॉजिकिल सर्वे ऑफ इंडिया](#)' (ZSI) के वैज्ञानिकों ने देश में एक नई स्तनपायी प्रजाति- 'व्हाइट चीक्ड मकाक' (*[illegible]*) की खोज की है।

- इस प्रजाति को पहली बार चीन में वर्ष 2015 में खोजा गया था, इससे पहले भारत में इसके अस्तित्व के बारे में नहीं पता था।
- अब भारतीय वैज्ञानिकों ने मध्य अरुणाचल प्रदेश के सुदूर अंजॉ ज़िले में इसकी उपस्थिति का पता लगाया है।
- नवीनतम खोज से भारत में स्तनपायी जानवरों की संख्या 437 से 438 हो गई है।

//

व्हाइट चीक्ड मकाक:

- **व्हाइट चीक्ड मकाक** के गाल सफेद होते हैं, गर्दन पर लंबे और घने बाल होते हैं तथा लंबी पूँछ होती है, यह अन्य मैकाक से काफी अलग होती है।
- यह **दक्षिण पूर्व एशिया में खोजा गया अंतिम स्तनपायी** है।
- अरुणाचल मकाक और व्हाइट चीक्ड मकाक दोनों पूर्वी हिमालय में एक ही जैव विविधता वाले हॉटस्पॉट में मौजूद हैं।
    - व्हाइट चीक्ड मकाक और अरुणाचल मकाक (मकाका मुंजाला) के साथ-साथ मकाक की अन्य प्रजातियाँ**असमिया मकाक (***Macaca assamensis*) और **रीसस मकाक (***Macaca mulatta***)** हैं जो एक ही भूदृश्य में पाई गई हैं।
    - परिदृश्य में मकाक की सभी प्रजातियों के लिये संभावित खतरा स्थानीय लोगों द्वारा शिकार और शहरीकरण एवं बुनियादी ढाँचे के विकास के कारण आवास में गिरावट है।
- यह प्रजाति भारत के [वन्यजीव संरक्षण अधिनियम](#) द्वारा संरक्षित नहीं है, क्योंकि अब तक यह ज्ञात नहीं था कि यह प्रजाति भारत में मौजूद है।

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-newest-mammal-white-cheeked-macaque